# लखनऊ में बनेगा देश का सबसे बड़ा टेक्सटाइल पार्क, मिले 300 करोड़

**लखनऊ।** पीएम मित्र योजना के अन्तर्गत लखनऊ में देश के सबसे बड़े टेक्सटाइल पार्क के लिए बजट में 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। लखनऊ-हरदोई के क्षेत्र में बनने वाले इस पार्क में करीब 10 हजार करोड़ का निवेश होगा और एक लाख लोगों को रोजगार मिलेगा।

- इस मेगा टेक्सटाइल पार्क को संत कबीर पीएम मित्र टेक्सटाइल एंड अपैरल पार्क लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। इसके अलावा टेक्सटाइल एंड गारमेन्टिंग पालिसी, 2022 को लागू करने के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। लखनऊ में बनने वाले टेक्सटाइल पार्क की लागत 1680 करोड़ है। रिलांयस, अरविंद मिल्स, वर्धमान और आहूजा टेक्सटाइल यहां निवेश की रुचि दिखा चुकी हैं। इसके अलावा 400 अन्य बड़े और छोटे उद्यमी भी यहां आएंगे।

## देश का पहला एआई सिटी भी लखनऊ में

- लखनऊ में देश के पहले एआई सिटी की स्थापना के लिए पांच करोड़ रुपये दिए गए हैं। इस सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी रिसर्च, स्टार्टअप और डाटा एनालिटिक्स से जुड़े काम होंगे। यह सेंटर तकनीकी विशेषज्ञों को नए अवसर देगा।